>

Title: Need to augment rail facilities in Satna Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh and provide better rail connectivity to Satna city from other parts of the country.

श्री गणेश सिंह (सतना): मैं भारत सरकार के रेल मंत्रालय का ध्यान उस उपेक्षित क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं, जहां से रेलवे को अत्यधिक आय होती है तथा उस क्षेत्र से गाड़ियों का प्रचालन भी बहुत संख्या में होता है। लेकिन सुविधा की दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। पश्चिम-मध्य रेलवे के अंतर्गत सतना लोक सभा क्षेत्र जिसमें लगभग 100 किमी. से अधिक इलाहाबाद से मुम्बई जाने वाली रेल लाइन मौजूद है। यह वही क्षेत्र है जहां सीमेंट का सबसे बड़ा लदान रेलवे को मिलता है। सिंगरौली से रेलवे को कोयले का भी परिचालन होता है। क्षेत्र की जनता लगातार कई वर्षों से छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए मांग करती रही है। मैंने खुद पिछली 14वीं लोक सभा से लेकर अब तक अनेकों बार सदन में प्रश्न भी उठाए और व्यक्तिगत रूप से रेल मंत्री जी को भी जानकारी दी। स्वयं पिछले बजट सत्र में रेलवे स्टेशन में 15 दिवसीय सत्याग्रह भी किया जिसे तत्कालीन रेल मंत्री जी एवं चेयरमैन से हुई बातचीत के बाद सत्याग्रह को स्थगित करना पड़ा था, किंतु दुर्भाग्य है कि जो बातें की गई, उनमें से कोई भी कार्य नहीं हो पाया, आने वाले इस रेल बजट में मैं मांग करता हूं कि निम्नलिखित मांगों को अवश्य पूरा किया जाए।

1. रीवा सतना से इन्दौर के लिए, रीवा सतना से मुम्बई के लिए, रीवा सतना से सूरत के लिए नई यात्री गाड़ियां चलाई जाएं।
2. सतना रेलवे स्टेशन से अप एवं डाउन दिशा में जाने वाली सभी यात्री गाड़ी के सभी श्रेणियों के वी.आई.पी. कोटे सुरक्षित किए जाएं, पूर्व में ऐसी सुविधा थी, लेकिन बाद में उसे बंद कर दिया गया।
3. नई दिल्ली रीवा एक्सप्रेस का समय परिवर्तन किया जाए तथा जैतवारा में उक्त गाड़ी का स्टापेज, कमायनी एक्सप्रेस का जैतवारा में स्टापेज, सारनाथ का मझगवां में स्टापेज एवं रीवा से चलने वाली इंटरसिटी का बगहाई एवं झुकेही में स्टापेज किया जाए।
4. इलाबाद से मुम्बई जाने वाली गाड़ी जो सप्ताह में एक दिन चलती है उसे प्रतिदिन तथा उक्त गाड़ी में सतना से सभी श्रेणियों का कोटा आवंटित किया जाए।
5. सतना रेलवे स्टेशन में टर्मिनल एवं अनुरक्षण सुविधा कराई जाने के साथ मेरे लोक सभा क्षेत्र के सभी रेलवे स्टेशनों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।
6. ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन का कार्य तीव्रता से पूर्ण कराया जाए।